**NEWS CLIPPING: 25.12.2020**

**PUNJAB KESARI**

# मुक्स पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए डॉ. नीलम दूहन को किया सम्मानित

फरीदाबाद, 24 दिसम्बर (ब्यूरो): अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया द्वारा जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीलम दूहन को मुक्स पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। डॉ. नीलम दूहन को यह सम्मान सरकार, शिक्षण संस्थान और उद्योग के बीच पारिस्थितिक तंत्र को बढ़ावा देते हुए मुक्स पाठ्यक्रमों को सफल बनाने के लिए दिया गया है। प्रशंसा प्रमाण पत्र में उद्योग प्रायोजित पाठ्यक्रमों को विश्वविद्यालय में सफलतापूर्वक संचालित के लिए सरकारी स्वयं प्लेटफार्म, टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स और विश्वविद्यालय के बीच कड़ी के रूप में डॉ. दूहन की भूमिका को सराहा गया है। इस पाठ्यक्रमों में



*डॉ. नीलम दूहन को सम्मानित करते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।(छाया: एस शर्मा)*

## एआईसीटीई और टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया ने डॉ. दूहन के प्रयासों की सराहना की

एमएसपी 430 के उपयोग के साथ आईटी एंबेडेड सिस्टम डिजाइन पर आधारित ऐसा ही एक मूक पाठ्यक्रम है, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यार्थियों को कम क्षमता की आईटी माइक्रोकंट्रोलर किट वितरित की, जिसे इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स तथा एआईसीटीई द्वारा उपलब्ध करवाया गया था। विद्यार्थियों ने उद्योग के लिए जरूरी हार्डवेयर उपकरणों और प्रौद्योगिकी को सीखकर पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा किया। डॉ. दूहन को यह प्रमाण पत्र एआईसीटीई अध्यक्ष प्रो अनिल डी. सहस्त्रबुद्धे तथा टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया में विश्वविद्यालय कार्यक्रम निदेशक संजय श्रीवास्तव द्वारा प्रदान किया गया है। डॉ. नीलम दूहन विश्वविद्यालय में कंप्यूटर सेंटर और डिजिटल मामलों की निदेशक है। इसके साथ-साथ डॉ. दूहन टीईक्यूआईपी-3 परियोजना में अकादमिक मामलों की नोडल अधिकारी तथा मुक्स प्लेटफार्म पर विश्वविद्यालय के लोकल चैप्टर की समन्वयक भी है। इससे पहले, डॉ. दूहन को प्रौद्योगिकी वर्धक लर्निंग पर आधारित राष्ट्रीय कार्यक्रम (एनपीटीईएल) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए तीन बार सम्मानित किया जा चुका है।

पंजाब केसरी ई-पेपर
Fri,25 December 2020
Edition: faridabad kesari, Page no. 3

**NEWS CLIPPING: 25.12.2020**

**THE TRIBUNE**

# PG DIPLOMA IN JOURNALISM

**Faridabad:** Taking a unique initiative to propose PG Diploma in Journalism for working professionals, the JC Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad, has invited suggestions from professionals to start the course so as to provide an opportunity to those who are in the profession, but do not possess a formal degree. The decision to this effect was taken in a meeting of the Department of Liberal Arts and Media Studies (LAMS) held under the chairmanship of Vice Chancellor Prof Dinesh Kumar. The VC said that the PG Diploma in Journalism would give an opportunity to those working journalists who could not complete their formal education due to some reasons. With this programme, they can get the diploma while continuing their jobs and also associate with the department as mentors and bridge the skill gap between academia and industry.

The Tribune Fri, 25 December 2020
https://epaper.tribur

GOLDEN JUBILEE YEAR
(1969-2019)

**NEWS CLIPPING: 25.12.2020**

**HINDUSTAN**

# एश्लॉन कॉलेज के छात्र भी 26 से परीक्षा दे सकेंगे

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

एश्लॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के इंजीनियरिंग छात्र भी 26 दिसंबर से परीक्षा दे सकेंगे। इसके लिए जेसीबोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय प्रशासन ने एश्लॉन कॉलेज के छात्रों के परीक्षा प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। जबकि 21 से 24 दिसंबर के बीच संपन्न हुई परीक्षाएं इस कॉलेज के छात्रों के लिए बाद में आयोजित होगी। दरअसल, जेसी बास विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के बार-बार नोटिस के बाद भी कॉलेज प्रबंधन ने छात्रों की जरूरी जानकारी विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराई थी। परीक्षा के लिए इस कॉलेज को विश्वविद्यालय के पोर्टल पर छात्रों का पंजीकरण करना था, जो नहीं किया गया। जिस कारण छात्र परीक्षा कार्यक्रम में शामिल नहीं हो सके। जबकि यूनिवर्सिटी ने 21 दिसंबर से ऑनलाइन परीक्षाएं शुरू हो गई। विषम सेमेस्टर की सभी परीक्षाएं 21 दिसम्बर से ऑनलाइन हो रही हैं।

**NEWS CLIPPING: 25.12.2020**

## AMAR UJALA

# डॉ. नीलम दूहन को सम्मानित किया

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद:** अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद (एआईसीटीई) और टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स इंडिया की तरफ से जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग की असोसिएट प्रफेसर डॉ. नीलम दूहन को मुक्स के पाठ्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया है। इन पाठ्यक्रमों में एमएसपी 430 के उपयोग के साथ आईटी एंबेडेड सिस्टम डिजाइन पर आधारित ऐसा ही एक मूक पाठ्यक्रम है, जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा अभ्यार्थियों को कम क्षमता की आईटी माइक्रोकंट्रोलर किट वितरित की, जिसे इंडस्ट्री पार्टनर के रूप में टेक्सास इंस्ट्रूमेंट्स तथा एआईसीटीई द्वारा उपलब्ध करवाया गया था।

